an>

Title: Need to take steps to curb soil erosion caused by river Ganges in Bhagalpur Parliamentary constituency of Bihar.

श्री शैलेश कुमार (भागलपुर): अध्यक्ष महोदया, भागलपुर लोक सभा क्षेत्र जो बिहार ही नहीं पूरे देश के मानचित्र पर है। भागलपुर जहां कोसी और गंगा दोनों नदी अवस्थित हैं, विगत पांच-सात साल से उनसे भारी कटाव वहां पर हो रहा है। विक्रमशिला के अपस्ट्रीम में राघवपुर गांव है और डाउनस्ट्रीम में इस्माइलपुर, बिंगटोली, सैदपुर गांव हैं, जहां भारी कटाव हो रहा है। कोसी नदी पर मदरौनी, सौहरा कट चुके हैं और अब वह रेलवे लाइन को प्रभावित करेगा। पिरपैती में रौनीदेड़ा, टोफिल, अन्ठाबन, इस तरह से पूरे भागलपुर में, जो गंगा, कोसी के किनारे पर अवस्थित है, भयंकर कटाव है। मैं आपको बताना चाहूंगा कि पिछले दिनों लोक सभा में मैंने इस विषय को उठाने का काम किया था, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वहां चूंकि जनवरी में काम शुरू होना है, तभी यह काम पूरा हो सकेगा। मैं आपसे पर्सनली रिक्वेस्ट करूंगा कि इस काम को कराने का निश्चित रूप से आदेश दिया जाए कि समय रहते इस पूरे काम को पूरा कर लिया जाए।

पिछले पांच-सात साल से बहुत भयंकर कटाव हो रहा है। मैं आपको यह भी बताना चाहूंगा कि उस कटाव में, जहां राघवपुर स्थित है, वहां हमारा घर भी है। हमारा घर भी अगर कटाव की चपेट में आएगा तो फिर इस सभा की, जो देश की सर्वोच्च सभा है, उसकी भी कहीं न कहीं बदनामी होगी। मैं चाहूंगा कि विभाग को निर्देशित किया जाए ताकि निश्चित रूप से वह काम समय रहते जनवरी-फरवरी में शुरू हो जाए।